कोटद्वार, मंगलवार
10 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 47 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### महासू देवता की पालकी के हनोल पहुंचते ही दर्शनों को उमड़े लोग

विकासनगर। कांडा, सुखेड़, त्यूणी, मैंद्रथ होते हुए पवासी महासू देवता की पालकी सोमवार को रात्रि प्रवास के लिए महासू मन्दिर हनोल रुकी। इस दौरान जगह–जगह देव पालकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। लोगों ने पालकी के सामने माथा टेक और कंधा देकर पुण्य प्राप्त किया। महासू मंदिर हनोल में रात्रि प्रवास के बाद पालकी मंगलवार को अपने मूल स्थान ठडियार गांव के मंदिर में विराजमान होगी। इस भीषण गर्मी में भी देव पालकी के पैदल यात्रा मे भक्तों का जोश देखते बन रहा था। उत्तरकाशी जनपद अन्तर्गत मोरी ब्लॉक के ठडियार गांव से पवासी महासू देवता की पालकी हर साल जेठ माह में शाही स्नान के लिए अपने मूल मन्दिर से बाहर प्रवास पर आती है। वर्तमान में देव पालकी मोरी ब्लॉक के दुणी गांव में शेडकूडिया देवता के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हुई और इसके बाद श्रद्धालुओं के मन्नत पर क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में रात्रि प्रवास पूजन के गई। पवासी महासू देवता की पालकी का सोमवार को महासू देवता मंदिर हनोल में आखिरी पड़ाव है। मंगलवार को देव पालकी हनोल से वापसी ठडियार अपने मूल मन्दिर मे विराजमान होगी। देर शाम पालकी के हनोल मंदिर पहुंचने पर पालकी का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया।

### गुलदार ने सात बकरियों को निवाला बनाया

विकासनगर। चकराता तहसील अंतर्गत कानासर रेंज के कुनैन के पंचायत खरोड़ा के कुताड़ गांव में बीते रविवार देर रात को दयाराम की छानी में घुसकर बकरियों को गुलदार ने निवाला बना दिया। गुलदार छानी का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा था। इस घटना के बाद क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है। पशुपालक दयाराम एवं महिपाल राणा का कहना है कि इस प्रकार की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। इससे पहले ग्राम सैंज में भी एक बकरी पालक की तीन बकरियों को गुलदार ने छानी घुसकर मार डाला था। लगातार इस प्रकार की घटनाएं बढ़ने से पशुपालक और किसानों में दहशत का माहौल है। पशुपालक दयाराम ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। साथ ही गुलदार के दहशत से निजात दिलाने के लिए भी उचित कदम उठाने की मांग की। वहीं वन दरोगा नरेंद्र भंडारी ने मौके पर निरीक्षण किया।

### चारधाम यात्रा पर आए विदेशी तीर्थयात्रियों ने यात्रा प्रबंधन को सराहा

ऋषिकेश। उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों के साथ ही विदेशी तीर्थयात्री भी शामिल हो रहे हैं। विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार और यात्रा प्रशासन के प्रयासों को सराहा है। ऋषिकेश में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन की ओर से यात्रा ट्रांजिट कैम्प का संचालन किया जा रहा है। जिसमें यात्रियों को पंजीकरण से लेकर, स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रांजिट कैम्प पर विदेशी तीर्थ यात्रियों के पंजीकरण के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। यात्रा ट्रांजिट कैम्प में अब तक 8486 विदेशी तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण हो चुका है।ब्रिटेन के रहने वाले थॉमस चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण कराने ट्रांजिट कैम्प पहुंचे। उन्होंने आसान पंजीकरण प्रक्रिया के साथ ही यात्रा मार्ग की समस्त जानकारी मिलने पर खुशी व्यक्त की। बीती 30 मई को ताइवान के 17 लोगों का दल भी गंगोत्री–यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए ट्रांजिट कैम्प पहुंचा था।

### फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव

रुड़की। सुल्तानपुर के एक गांव में सोमवार को एक 15 वर्षीय किशोरी का शव फंसे से लटका मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग का पड़ोस के एक युवक के साथ पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो वर्ष पहले परिजनों को इसकी भनक लग गई।

# मुख्यमंत्री ने पुरोला में 210 करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तरकाशी के पुरोला में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 210 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 35 योजनाओं का लोकार्पण और 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुरोला स्थित खेल मैदान के उच्चीकरण, मोरी के देवरा गांव में कर्ण महाराज मंदिर के सौंदर्यीकरण, नौगांव में रुद्रेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण, नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तारीकरण, पुरोला- नौगांव मोटर मार्ग डूकाणा रोड होते हुए मोरी बैंड तक बाईपास का निर्माण एवं मोरी के पट्टी गडूगाड़ के देवजानी ओरा से केदारकांठा तक पर्यटक क्षेत्र के घोषित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से उत्तरकाशी जनपद के पुरोला और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ये योजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और नागरिकों के




जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन विकास योजनाओं से क्षेत्र में आर्थिक विकास को बल मिलेगा तथा कनेक्टिविटी और रोजगार के बेहतर अवसरों की उपलब्धता में भी ये सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जिन योजनाओं का शिलान्यास हो रहा है, उन योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरोला क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य पेयजल, सड़क के क्षेत्र में जो विकास कार्य हुए है, वो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे, जिससे इस क्षेत्र का समेकित विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन और बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाए हैं। इस अवसर पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, पूर्व विधायक माल चंद, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, राज्य मंत्री प्रताप सिंह पंवार, रामसुंदर नौटियाल, जगत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पुरोला बिहारी लाल शाह, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

विकासनगर। सोमवार को लांघा तिराहे पर गलत दिशा से आ रही बाइक सवार तीन युवकों की बाइक फिसल गई। इस दौरान तीनों युवक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दो का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोपहर सोमवार को तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घमोला से सहसपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान एक ट्रक सहसपुर से हरबर्टपुर की तरफ जा रहा था। गलत साइड से आ रहे युवकों की बाइक फिसल गई और वह ट्रक के नीचे आ गए। जिससे बाइक सवार आशिक पुत्र खालिद निवासी सहसपुर, फरमान पुत्र फुरकत अली निवासी ग्राम सहसपुर व आजम पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सहसपुर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल आजम पुत्र शाहिद को मौके पर पहुंची पुलिस ने विकासनगर अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई विकास रावत ने बताया कि आशिक के पैर में चोट लगी है। उसे ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि फरमान का इलाज सरकारी अस्पताल सहसपुर में चल रहा है। उसकी हालत ठीक है।

## सड़क हादसों में दो दोस्तों समेत तीन की मौत, एक घायल

रुद्रपुर। थाना पुलभट्टा अंतर्गत एनएच–74 पर सिरोलीकलां के निकट हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं नानकमत्ता क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गई। युवकों की मौत से परिवारों में कोहराम मचा है। ग्राम भंगा पुलभट्टा के रहने वाले 18 वर्षीय अर्जुन ठाकुर पुत्र बंटी ठाकुर, 19 वर्षीय प्रज्ज्वल सक्सेना उर्फ कृष्णा पुत्र राजकुमार सक्सेना और 18 वर्षीय जतिन पुत्र मेवाराम आपस में दोस्त थे। अर्जुन शंकर फार्म के निकट एक फैक्ट्री में काम करता था, जबकि प्रज्जवल किच्छा में मेडिकल स्टोर पर काम करता था। रविवार शाम अर्जुन और जतिन बाइक से प्रज्ज्वल को लेने किच्छा आए थे। रात लगभग साढ़े आठ बजे वे अपने घर भंगा वापस जा रहे थे। बताया जा रहा है कि एनएच–74 पर सिरोलीकलां स्थित शर्मा ढाबे के निकट उनकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। इस कारण तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलभट्टा पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों



को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने अर्जुन ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रज्ज्वल और जतिन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रज्ज्वल ने रुद्रपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि जतिन का रुद्रपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलभट्टा थाना के एसओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि सिरौली के पास सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, नानकमत्ता क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। 25 वर्षीय संजय राणा पुत्र राजाराम निवासी ग्राम पिंडारी रविवार देर शाम ग्राम सलमती से लौट रहे थे।

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत की रखी गई मजबूत नींव

### –मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बोले जेपी नड्डा

नईदिल्ली, केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे हो गए हैं। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार जनता के नेतृत्व वाली सरकार है। पिछले कुछ सालों में हमने पारदर्शिता लाई है और एक दूरदर्शी, फ्यूचर ओरिएंटेड प्रशासन बनाया है। इसीलिए हम विकसित भारत की बात करते हैं। यह अमृत काल है। पिछले 11 सालों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल सिद्धांत पर काम किया है। मोदी सरकार की योजनाओं से



आम जनता को खासा लाभ हुआ है।

इसके साथ ही नड्डा ने कहा, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 11 साल के शासन का पूरा लेखा–जोखा पेश करना मुश्किल है, लेकिन हमारी सरकार ने लगातार राष्ट्रहित में साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। कुछ उदाहरण लें तो हमने अनुच्छेद 370 को हटाया और तीन तलाक को खत्म किया। हमने नया वक्फ अधिनियम बनाया और नागरिकता संशोधन अधिनियम पारित किया। हमने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण भी सुनिश्चित किया है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के तहत नेतृत्व में मजबूत भरोसे के कारण लोगों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह वही देश है, जहां पहले शिक्षा मंत्रियों को एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने में भी संघर्ष करना पड़ता था।

लेकिन आज हम सामूहिक रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सहमत हुए हैं। जो कि हमारे इतिहास में सबसे व्यापक और सबसे समावेशी परामर्श प्रक्रियाओं में से एक का परिणाम है। पार्टी अध्यक्ष ने आगे कहा, एक समग्र दृष्टिकोण के कारण, हमने बिना किसी भ्रम या अराजकता के सुचारू रूप से एक नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति पेश की है। स्वच्छ भारत जैसी पहल सबसे सफल जन आंदोलनों में से एक बन गई है।

### तहव्वुर राणा को कोर्ट से राहत, मिल गई परिवार से बात करने की अनुमति

नईदिल्ली,मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की साजिश को अंजाम देने वाले तहव्वुर राणा को सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

कोर्ट ने उसकी फोन पर परिवार से बातचीत करने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करते हुए उसे बात करने की अनुमति दे दी है। बता दें कि राणा ने विदेशी नागरिक होने और उसके परिवार को उसकी स्थिति जानने का अधिकार होने का हवाला देते हुए बातचीत की अनुमति मांगी थी।

कोर्ट ने राणा को परिवार से फोन पर बात करने की अनुमति देते हुए कहा कि टेलीफोन कॉल का संचालन जेल नियम के अनुसार और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में किया जाएगा। इसी तरह कोर्ट ने अधिकारियों को 10 दिनों में राणा के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की दूसरी रिपोर्ट और राणा को नियमित रूप से फोन कॉल करने की अनुमति देने या न देने पर उनके स्पष्ट रुख की रिपोर्ट दाखिल करने के भी आदेश दिए हैं।

# भीषण गर्मी से उत्तर भारत में हाल बेहाल, तापमान 40 डिग्री के पार

नईदिल्ली,उत्तर भारत में गर्मी के तल्ख तेवरों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले 5 दिनों तक इन राज्यों में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। 12 जून को तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम का मिजाज बदल सकता है, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी। राजस्थान में जून की शुरुआत के साथ ही सूरज की तपिश लोगों को झुलसा रही है। तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। रविवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 47 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। अधिकांश जिलों में लू के हालात बने हुए हैं। 9 जून को मौसम शुष्क रहने के साथ तापमान 45–47 डिग्री के बीच रहेगा। कुछ स्थानों पर धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में



गर्मी कहर बरपा रही है। अगले 2–3 दिन मौसम शुष्क रहने से तापमान 46–47 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। प्रदेश के कुछ इलाकों में 9 और 10 जून को लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। 11 जून के बाद मौसम करवट लेगा और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। बिहार में भी अगले 2–3 दिन तक गर्मी बेहाल करने वाली है, लेकिन मध्य जून तक बारिश की संभावना बन रही है। दिल्ली में 3 दिन से मौसम शुष्क बना हुआ है, जिसके चलते रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार चला गया, जबकि हीट इंडेक्स 47.2 डिग्री रहा। इससे लोगों को 47 डिग्री से ऊपर की गर्मी का अहसास हुआ और उमस ने पसीने छुड़ा दिए। आईएमडी के अनुसार, अगले 2–3 दिन तक मौसम साफ रहने और 20–30 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। 12 जून के बाद बादल छाने के साथ बारिश होने की उम्मीद है।

# देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट एक्सएफजी के 163 मामले सामने आए

नईदिल्ली, देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच नए वेरिएंट एक्सएफजी के मामले भी सामने आए हैं। भारतीय एसएआरएस–कोव2 जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के मुताबिक, भारत में एक्सएफजी वेरिएंट के 163 मामले दर्ज किए गए हैं। सबसे ज्यादा 89 मामले महाराष्ट्र में सामने आए हैं। उसके बाद तमिलनाडु में 16, केरल में 15, गुजरात में 11 और आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 6–6 मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक्सएफजी वेरिएंट में 4 प्रमुख स्पाइक म्यूटेशन हैं। इसमें ए475वी और एन487डी जैसे म्यूटेशन हैं, जो इसे प्रतिरक्षा तंत्र से बचने में सक्षम बनाते हैं।

इस वेरिएंट से संक्रमित होने पर मरीज में आमतौर पर वही लक्षण दिखाई देते हैं, जो बाकी कोरोना मरीजों में होते हैं। सबसे पहले



इसका मामला कनाडा में सामने आया था उसके बाद ये कई देशों में फैल गया है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 358 नए मरीज सामने आए हैं, जिससे भारत में सक्रिय मरीजों की संख्या 6,491 पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक मरीज गुजरात में 158 और कर्नाटक में 57 मिले हैं। इससे यहां कुल मरीजों की संख्या क्रमशः 980 और 423 हो गई है।

### गोदावरी नदी में डूबे छह किशोर, सभी के शव बरामद

हैदराबाद,तेलंगाना के जयशंकर भूपलपल्ली जिले में गोदावरी नदी में डूबने से छह किशोरों की मौत हो गई. सभी के शव रविवार को बरामद कर लिए गए.

सभी की मृतकों की आयु 20 साल से कम है. ये सभी गोदावरी नदी में अपने किसी रिश्तेदार के शुभ कार्य में शामिल होने के लिए मौज–मस्ती करने गए थे. इसी दौरान वे नहाने के लिए नदी में उतरे और एक के बाद एक नदी के एक गड्ढे में फंस जाने से लापता हो गए थे.

मरने वालों में दो भाई हैं. घटना शनिवार को जयशंकर भूपलपल्ली जिले के महादेवपुर मंडल के मेदिगड्डा बैराज पर हुई. प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, महादेवपुर मंडल के अंबटपल्ली में गोलुकोंडा मल्लैया के घर दो दिन पहले एक शादी हुई थी. इस समारोह में शामिल होने वाले आठ रिश्तेदार शनिवार शाम 5.30 बजे ऑटो से अंबटपल्ली से मेदिगड्डा पहुंचे.

# कोरोना से बेवजह घबराए नहीं, सावधानी की जरूरत है: ममता बनर्जी

कोलकाता, देश में कोविड संक्रमण के मामले मुी भर ही हैं और बेवजह चिंता करने की कोई बात नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों को भरोसा दिलाया कि स्थिति अभी उस स्तर पर नहीं पहुंची है। आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय नबान्न में कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने संदेश दिया, कोविड को लेकर घबराने की कोई बात नहीं है।सीएम ममता ने कहा, जिन लोगों को को–मॉर्बिडिटीज हैं, जिन्हें सर्दी–खांसी है, उन्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अगर उन्हें सरकारी अस्पताल में इलाज मिलेगा तो उन्हें इलाज के नाम पर ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे। हम अभी इस पर कोई फैसला नहीं ले रहे हैं, अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है। सीएम ने कहा कि आपलोग सरकारी अस्पतालों पर भरोसा कर सकते हैं ताकि बिना पैसे का बेहतर इलाज हो सके। बाहरी अस्पतालों में क्या हो रहा है वह इस वक्त नहीं कह सकती लेकिन लोगों के लिए सरकारी



व्यवस्था पूरी तरह से उपलब्ध है। सीएम ने आगे कहा कि, चिंता की कोई बात नहीं है लेकिन न्होंने विभिन्न विभागों के साथ बैठक की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर प्रशासनिक स्तर पर मुकाबला किया जा सके।

सीएम ममता ने कहा, अभी खतरे की स्थिति नहीं बनी है। भारत में 1.3 बिलियन लोग रहते हैं। उसमें से पूरे भारत में लगभग 4–5 हज़ार मामले सामने आए हैं। उन्होंने राज्य के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, अभी कोविड को लेकर घबराने की कोई बात नहीं है। सामान्य स्थिति बनी रहेगी।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने एहतियात बरतने के लिए जरूरी कदम उठाने की भी सलाह दी। उन्होंने खास तौर पर उन लोगों से अनुरोध किया जिन्हें अन्य गंभीर बीमारियां (सह–रुग्णताएं), फेफड़े या हृदय की समस्याएं हैं और बुजुर्गों को सावधान रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार सर्दी–जुकाम होने पर छाती में कफ होने के बावजूद सांस लेने में दिक्कत होती है। ऐसे में ममता ने डॉक्टर को दिखाने और जरूरी इलाज कराने की भी सलाह दी। इस मामले में उन्होंने बेवजह खर्च से बचने के लिए सरकारी अस्पताल में इलाज कराने की भी सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर आपको सर्दी–जुकाम है तो डॉक्टर को दिखाएं। सरकारी अस्पताल में इलाज कराने की कोशिश करें। तब आप बेवजह किसी बीमारी के नाम पर ज्यादा पैसे खर्च नहीं करेंगे। जिन्हें वाकई इसकी जरूरत है, उन्हें जो कुछ भी देने की जरूरत है, वह सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री इस बात का भी जिक्र किया गया कि कोरोना का टीका अब आ चुका है और सभी लोग इसे ले चुके हैं। राज्य के लोगों से न घबराने का अनुरोध करते हुए ममता ने कहा कि यह एक तरह का इन्फ्लूएंजा है। उनके शब्दों में, बरसात और सर्दियों के मौसम में थोड़ी ठंड होती है। उसका स्तर भी कम हो गया है।

# मणिपुर में भीड़ ने सरकारी कार्यालय जलाने की कोशिश की



इंफाल,। मणिपुर में मैतेई कट्टरपंथी सशस्त्र समूह अरामबाई टेंगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल में उप–विभागीय कलेक्टर कार्यालय को जलाने की कोशिश की। कर्फ्यू लागू होने के बावजूद भारी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। इस बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह दिल्ली रवाना हुए हैं। एटी ने कानन की गिरफ्तारी के विरोध में 10 दिवसीय मणिपुर बंद की घोषणा की है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए घरों से बाहर निकले और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। हिंसा के चलते सभी बाजार और शैक्षणिक संस्थान बंद किए गए हैं। परीक्षाएं भी स्थगित की गई हैं। पुलिस ने कहा कि वो स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। अब तक 2 पत्रकार समेत 15 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि कानन के साथ गिरफ्तार किए गए 4 अन्य लोगों को रिहा कर दिया गया है। केवल कानन को राज्य से बाहर ले जाया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि कानन को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पहले दर्ज एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है, न कि एटी के नेता के तौर पर उनकी भूमिका में। बता दें कि कानन को असम ले जाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा मणिपुर में बढ़ती हिंसा के बीच केंद्रीय नेताओं को जानकारी देने के लिए दिल्ली रवाना हुए। इससे पहले सिंह ने कहा, मैं जनता से अपील करता हूं, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है।

### मुंबई में बड़ा ट्रेन हादसा, चलती ट्रेन से गिरने से 5 लोगों की मौत

मुंबई,मुंबई के ठाणे स्थित मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दुखद हादसा हुआ है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल की ओर जा रही एक यात्री ट्रेन से 10–12 यात्री गिर पड़े। इनमें से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5–7 अन्य घायल हो गए। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई। कुछ लोगों का दावा है कि हादसा मुंबई–लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में हुआ है। घटना की जांच जारी है।रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा ट्रेन में अत्यधिक भीड़ के कारण हुआ, जिसमें कई यात्री दरवाजों पर लटककर यात्रा कर रहे थे। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था, जब ट्रेन मुंब्रा स्टेशन से गुजर रही थी।

# कमल हासन को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कर्नाटक में ठग लाइफ की रिलीज से जुड़ा है मामला

नईदिल्ली,अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ बीते 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन कन्नड़–तमिल टिप्पणी विवाद की वजह से इस फिल्म को कर्नाटक में रिलीज नहीं किया गया था। जब कर्नाटक में ठग लाइफ की रिलीज की मांग की गई तो सिनेमाघरों के मालिकों को कई धमकियां मिलने लगीं।

इस वजह से सिनेमाघरों को सुरक्षा देने की एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी, जिसकी अदालत ने तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।

ठग लाइफ को लेकर उठे विवाद के कारण कर्नाटक थिएटर एसोसिएशन ने सुरक्षा प्रदान के लिए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। इस याचिका की



सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक के थिएटर एसोसिएशन से कहा कि वे इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख करें।

साथ ही उन्होंने न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। ठग लाइफ की बात करें तो इस फिल्म के निर्देशन की कमान मणिरत्नम ने संभाली है। फिल्म की कहानी मणिरत्नम ने कमल के साथ मिलकर लिखी है, वहीं वे दोनों इस फिल्म के सह–निर्माता भी हैं।

ठग लाइफ में कमल के अलावा सिलंबरासन, तृषा कृष्णन और अभिरामि जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, ठग लाइफ ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 36.90 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

# सम्पादकीय

## जानलेवा शादियां

एक और शादी इन दोनों पूरे हिंदुस्तान में सोशल मीडिया और टीवी चैनलों में सुर्खियों पर है। सुर्खियां इसलिए क्योंकि ना तो यह किसी वीआईपी की शादी है और ना ही इस शादी में कुछ अजूबा हुआ। हां! शादी के कुछ दिनों बाद जो कुछ भी सामने आया उसने पूरे समाज को हतप्रभ कर दिया और यह सोचने पर विवश कर दिया की क्या सिर्फ शादी के साथ फेरों में बदले मात्र से ही किसी की सोच को बदला जा सकता है? अभी ज्यादा दिनों की बात नहीं हुई है जब मेरठ के मुस्कान और सौरभ कांड ने पति पत्नी के रिश्तों के बीच तीसरी आदमी की उपस्थिति की कहानी का परिणाम उजागर किया था जिसमें एक पत्नी ने अपने पति को नशेड़ी प्रेमी के साथ मिलकर उसके टुकड़े कर दिए और शव को एक प्लास्टिक के नीले ड्रम में सीमेंट डालकर बंद कर दिया। इस लोमहर्षक हत्याकांड के बाद अब इंदौर के नव दंपति की कहानी एक भयानक मंजर बनकर सामने आई है। इंदौर की सोनम की शादी वही के राजा रघुवंशी के साथ माता–पिता की मर्जी से हुई थी, लेकिन अभी शादी के 1 महीने भी पूर्ण नहीं हुए हैं की पत्नी ने शादी से पहले के अपने प्रेमी के साथ मिलकर हनीमून के दौरान पति को मेघालय में मौत के घाट उतार दिया। इस पूरे कांड में सोनम के प्रेमी और उसके दोस्तों ने इस जघन्य कांड को अंजाम दिया। घटना काफी विचलित कर देने वाली है और अपने पीछे एक ऐसी चेतावनी भी छोड़ कर जाती है जिसे हर माता–पिता को अपने बच्चों का विवाह तय करने से पहले निराकरण कर लेना चाहिए। सोनम ने बिना किसी विरोध के शादी तो की लेकिन अपनी कंपनी के नौकर के साथ उसकी प्रेम लीला लगातार जारी रही। सोनम ने शादी तो करी लेकिन वह तय कर चुकी थी कि राजा रघुवंशी के साथ उसकी गाड़ी अधिक दिनों तक वह चलाने वाली नहीं है, अपराध का रास्ता अपनाते हुए अपने प्रेमी को पाने के लिए उसकी हत्या करवा दी। आश्चर्य की बात है कि पढ़ी–लिखी आधुनिक लड़की होने के बावजूद भी आखिर उसने क्यों शादी के लिए हामी भारी और यदि उसे यह शादी मंजूर नहीं थी तो वह बेबाकी से मना भी कर सकती थी। एक अच्छे खासे हंसते खेलते धन–धान्य से भरे परिवार के चिराग को उसने अपने स्वार्थ के लिए बुझा दिया। हर माता–पिता को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चे कहीं दबाव में तो शादी नहीं कर रहे हैं और यदि उन्हें बच्चों के प्रेम प्रसंग के बारे में जानकारी है तो उसे छुपाने के बजाय उसका समाधान निकाले, कम से कम समाज और अपनी जाति में नाक ऊंची रखने के लिए जबरन शादी करने का परिणाम कहीं ना कहीं किसी न किसी परिवार के बच्चों को भुगतना ही पड़ता है। सोनम जैसे न जाने कितने ही चरित्र हमारे समाज में भरे पड़े हैं जो माता–पिता की बात मानकर शादी तो करते हैं लेकिन उनके विवाह से पूर्व के संबंध एक सफल शादीशुदा जिंदगी में दखलंदाजी से अलग नहीं हो पाते। सोनम और मुस्कान जैसी महिलाएं जो कदम उठाती है उसका परिणाम सिवाय बर्बादी के और कुछ नहीं है लेकिन एक समय कम से कम ऐसा रहता है जब परिस्थितियों को अपने अनुरूप बनाया जा सकता है। बस इसके लिए उनको थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए अपनी मर्जी के अनुसार शादी न होने पर माता–पिता को मना करने की। उनका यह एक कदम एक दूसरे परिवार के लिए कवच का काम करेगा लेकिन शादी के बाद भी अगर वह अपने पुराने संबंधों को भूल नहीं पाती है तो फिर कहीं ना कहीं अपराध जन्म लेता ही है। मुस्कान ने तो कुछ वर्ष अपना वैवाहिक जीवन चलाया और एक बच्ची को भी जन्म दिया लेकिन सोनम ने तो सारी हदों को पार करते हुए एक महीने के अंदर ही अपनी शादी को मजाक बनाते हुए पति की हत्या करवा डाली। सोनम के आगे अब एक अंधकार भरा भविष्य है, हालांकि इस हत्याकांड के बाद लंबी कानूनी प्रक्रिया भी चलनी तय है लेकिन एक महिला के चरित्र ने पूरे समाज को सोचने पर विवश कर दिया है कि आखिर किस पर विश्वास किया जाए और किस पर नहीं? आपसी मंजूरी के बाद भी जोड़े गए रिश्तो में मजबूती नहीं रह पाई है तो आखिर ऐसे रिश्तों को जोड़ने का फायदा ही क्या है?

# पाकिस्तान बनने जा रहा है बांग्लादेश?

**प्रो. सतीश कुमार**

यह प्रश्न महत्त्वपूर्ण है कि क्या बांग्लादेश पाकिस्तान बनने जा रहा है? भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया है कि हर समस्या के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के ऊपर दोषारोपण न करे। यह तरीका पाकिस्तान का रहा है।

पिछले कुछ वर्षो से पुख्ता संकेत हैं कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच पुनः एक नई लकीर खींची जा रही है जिसका मकसद भारत का विरोध है। दोनों देशों की इंटेलिजेंस भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों में अशांति फैलाने की योजना की तैयारी में हैं।

जब से शेख हसीना को देश छोड़ने के लिए विवश किया गया है तब से बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हुई हैं। बांग्लादेश में कट्टरता, अल्पसंख्यकों पर हमले या लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट जैसे संकेत देखे जाते हैं। हाल के वर्षो में हिन्दू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हमले हुए हैं। यूनुस ने पिछले छह महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात की। एक बार न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान और दूसरी बार काहिरा में डब्लपिंग समिट में। दोनों देशों ने सीधे व्यापार को फिर से शुरू किया है और वीजा प्रतिबंधों में ढील दी है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से थंडर फाइटर जेट खरीदने में रुचि दिखाई है, जो पाकिस्तान और चीन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किए गए हैं। यह बांग्लादेश के 'फोर्सेस गोल 2030' कार्यक्रम का हिस्सा है।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में गतिविधियां बढ़ा रही है और भारत के खिलाफ आतंकी हमलों के लिए बांग्लादेशी या रोहिंग्या आतंकवादियों का उपयोग कर सकती है। चीन, तुर्की, और पाकिस्तान मिल कर बांग्लादेश में 'ग्रेटर बांग्लादेश' की अवधारणा को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे भारत के पूर्वोत्तर में अशांति फैल सकती है। बांग्लादेश की राजनीति



पाकिस्तान के रास्ते पर चल पड़ी है। सलाहकार राष्ट्रपति प्रो. यूनुस बांग्लादेश को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा करने की साजिश रच रहे हैं जहां से कट्टरपंथ की अंधेरी सुरंग शुरू होती है, जिसका कोई अंत नहीं है। पाकिस्तान 75 सालों में इसी सुरंग में फंसा हुआ है जहां से उसका निकलना अब असंभव प्रतीत होता है।

बांग्लादेश में विद्यार्थी संगठनों को कट्टरपंथी बनाया जा रहा है और सत्ता के गलियारों में उनकी शिरकत के रास्ते बनाए जा रहे हैं। इस बात की ताकीद और कोई नहीं, बल्कि वहां की सेना ने की है। भारत के लिए चिंता का विषय इसलिए भी है कि बांग्लादेश–म्यांमार सीमा पर भारत विरोधी मुहिम की झलक दिखाई दे रही है। दरअसल, यह सब कुछ सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा महज 271 किमी. की है, लेकिन है बहुत महत्त्वपूर्ण, विशेषकर भारत के लिए। मिजोरम की सीमा दोनों देशों से मिलती है। म्यांमार के 3 जिले, जो अशांत हैं, इसी सीमा पर स्थित हैं। बांग्लादेश का कॉक्स बाजार दूसरी तरफ है। भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों के साथ 5 देशों की सीमाएं मिलती हैं–चीन, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार।

सब कुछ चीन के इशारे पर किए जाने की तैयारी है। आईएसआई की बांग्लादेश में बढ़ती गतिविधियों से भारत की पूर्वोत्तर सीमा पर खतरा बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार, आईएसआई बांग्लादेश को आतंकी गतिविधियों के लिए लॉन्चपैड के रूप में उपयोग करने की कोशिश कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह त्रिकोणीय गठबंधन भारत की क्षेत्रीय स्थिति को कमजोर कर सकता है। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में चीन द्वारा प्रस्तावित हवाई अड्डा परियोजना भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास है। म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के कई विद्रोही समूहों ने म्यांमार में शरण ली है, और वहां की सैन्य जुंटा के साथ समझौते किए हैं। इन समूहों को म्यांमार के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में ठिकाने बनाने की अनुमति दी गई है, जिससे वे भारत के खिलाफ गतिविधियां चला सकते हैं।

बांग्लादेश की स्थापना 1971 में धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हुई थी, जिसमें बांग्ला भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान का आधार माना गया। हालांकि, हाल के वर्षो में इस्लामी पहचान को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इस परिवर्तन का एक कारण यह भी है कि 1971 के मुक्ति संग्राम को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाली पीढ़ी धीरे–धीरे समाप्त हो रही है, जिससे नई पीढ़ी की पहचान में बदलाव आ रहा है।

इस्लामी समूहों और धार्मिक राजनीतिक दलों ने बांग्लादेशी पहचान को इस्लाम पर केंद्रित करने के प्रयास किए हैं, जिससे 'पहले बंगाली या पहले मुस्लिम?' की बहस तेज हुई है। 2024 के जुलाई–अगस्त में हुए छात्र आंदोलनों में धार्मिक पहचान को प्रमुखता दी गई जो पहले के धर्मनिरपेक्ष आंदोलनों से भिन्न था। बांग्लादेश ने हाल के दशकों में आर्थिक प्रगति की है और इसे दक्षिण एशिया का 'नया टाइगर' कहा गया है। इसकी अर्थव्यवस्था भारत के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है, और विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान के साथ पूर्ण निकटता बांग्लादेश के आर्थिक हितों के खिलाफ होगी।

बांग्लादेश की बांग्ला संस्कृति और भाषा उसकी पहचान का मूल हिस्सा है, जो इसे पाकिस्तान से अलग करती है। बांग्लादेश 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बना, मुख्य रूप से भाषाई (बांग्ला बनाम उर्दू), सांस्कृतिक और आर्थिक भेदभाव के कारण। शेख मुजीब–उर–रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग ने स्वतंत्रता की मांग की और भारत की मदद से बांग्लादेश ने आजादी हासिल की। तब से बांग्लादेश ने अपनी पहचान धर्मनिरपेक्ष, बांग्ला भाषी राष्ट्र के रूप में बनाई जो पाकिस्तान की उर्दू–प्रधान और इस्लामी पहचान से अलग थी। यह मानना जल्दबाजी होगी कि बांग्लादेश पाकिस्तान बन रहा है।

बांग्लादेश एकमात्र देश है जो दोहरे उपनिवेशवाद के चंगुल में फंसा रहा। पहले अंग्रेजों की गुलामी और आजादी के बाद पाकिस्तानियों की गुलामी। उनका खास दोहन हुआ, यह बात हर बांग्लादेशी को मालूम है, युवा पीढ़ी को भी यह बात समझनी पड़ेगी। बांग्लादेश दक्षिण एशिया का इकनोमिक टाइगर बना तो भारत से बेहतर संबंध के कारण। पाकिस्तान के रास्ते पर बांग्लादेश मुड़ा तो उसकी भी स्थिति बदहाल बन जाएगी।

# दिमाग ठंडा मगर खून गर्म

भारत–पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाक व उसके आतंकवादी संचालकों को झुकने पर मजबूर कर दिया। राजस्थान के बीकानेर में रैली को संबोधित करते करते हुए उन्होंने कहा कि, 'जो लोग महिलाओं के माथे से सिंदूर पोंछने निकले थे, वे धूल में मिल गए। मोदी सीना तान कर खड़ा है, मोदी का दिमाग ठंडा है मगर खून गर्म है। उन्होंने यह भी जोड़ा, अब मेरी रगों में खून नहीं, सिंदूर दौड़ रहा है। बीकानेर पाकिस्तान से 168 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और पड़ोसी मुल्क के पंजाब के बहावलपुर जिले के बिल्कुल सामने है। इसलिए इस इलाके के बाशिंदों को सीमा पार से होने वाले हमलों या घसपैठियों का सीधा सामना करना पड़ता है। मोदी ने स्थानीय लोगों को परमाणु खतरों से भयभीत न होने के साथ ही पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर बात करने की भी चर्चा की। कहा जा सकता है कि मोदी ने दुश्मन देश के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आंतकवाद को लेकर अपनी नीति में तब्दीली ला रहा है और मासूम देशवासियों के खून का बदला लेने में किसी की सलाह का इंतजार नहीं करने वाला। अब दिखावटी भभकियां देने का वक्त नहीं रहा। आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले दुश्मन मुल्क के सैन्य प्रतिष्ठानों पर आतंकवादी संगठनों से मिलीभगत रखने के आरोप पहले ही लगते रहे हैं। राजनीतिक अस्थिरता, लोकतंत्र पर लगने वाली खरोचें और आर्थिक ढुलमुलाहट ने पाक को भीतर से झकझोर रखा है। वह मित्र देशों के बलबूते ज्यादा देर तक भारतीय सुरक्षा बलों के समक्ष खड़ा नहीं रह सकता, इसका उसे अहसास हो चुका है। तमाम संदेहों के बावजूद मोदी के कट्टर विरोधियों ने भी इस हमले को लेकर एक सुर में अहम बताया और सुरक्षाबलों का हौसला बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ी।

लाजिमी है कि सत्ता की बागडोर संभालने वालों को संवैधानिक ढांचे का सम्मान रखते हुए सुरक्षा–व्यवस्था पर सदन में गंभीर चर्चा भी करनी चाहिए। यह किसी शख्स की जीत या हार नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ चालू हुआ ऑपरेशन कहा जा सकता है।

## पाठ्यक्रम में आमूलचूल परिवर्तन

आईआईटी–दिल्ली ने छात्रों पर बोझ कम करने और उद्योग जगत की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए बारह वर्षो के बाद अपने पाठ्यक्रम में आमूलचूल परिवर्तन किया है। संस्थान के निदेशक रंगन बनर्जी ने मंगलवार को एक इंटरव्यू में कहा था, 'पाठ्यक्रम में पिछली बार संशोधन 2013 में किया गया था। इस बीच, उद्योग जगत की मांग तेजी से बदल रही है..एआई एक नया उभार है, और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस सुधार की कवायद 2022 में शुरू हुई थी। पिछले कुछ वर्षो में संस्थान ने हितधारकों से व्यापक प्रतिक्रिया ली है, और उनकी मांग और जरूरत के अनुसार जरूरी बन पड़े बदलाव पाठ्यक्रम में किए हैं। पाठ्यक्रम को ही कम नहीं किया गया है, बल्कि कक्षा का आकार कम करने का फैसला भी किया गया है। पहले दो सेमेस्टर के लिए कक्षा का आकार अब 200 की बजाय 150 होगा ताकि छात्र पर अधिक ध्यान सुनिश्चित किया जा सके। कहा जा सकता है कि आईआईटी का पाठ्यक्रम संबंधी फैसला दूरगामी परिणाम हासिल करने की दृष्टि से किया गया है। देश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इससे पूर्व नई शिक्षा नीति लागू की जा चुकी है और अब देश के एक प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान का यह फैसला क्रांतिकारी पर्वितन की दिशा में उठाया गया कदम करार दिया जा सकता है। वैसे भी एआई और प्रोग्रामिंग जैसे पाठ्यक्रमों का शिक्षण–प्रशिक्षण जरूरी बन गया है। जरूरी है कि जटिलताएं शिक्षण–प्रशिक्षण में खासी अवरोध खड़े करती हैं। उच्च शिक्षा और खास तौर पर प्रतियोगी शिक्षण–प्रशिक्षण में विद्यार्थियों पर अनावयक तनाव रहता है, और तनाव इस कदर हावी हो जाता है कि आये दिन छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें आती रहती हैं। यदि पाठ्यक्रम का बोझ बनिस्बत कम हो और कक्षा की छात्र स्ट्रेंथ ज्यादा न हो तो पढ़ाई–लिखाई के लिए परिणामोन्मुख माहौल तैयार हो सकता है।

# पशु पक्षी, वनस्पति,जल,जीव, मानव साम्यता के लिए वनो का संरक्षण आवश्यक

**अजय दीक्षित**

हैदराबाद की एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में बड़े जंगलों से संरक्षित भूमि का व्यावसायिक हितों पेड़ो का काटना शुरू हुआ तो केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्वविवेक से आंदोलन शुरू कर दिया। मामला सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पहुंचा तो सर्वोच्च न्यायालय ने पहले रोक लगाई फिर स्थाई रूप से पेड़ों की कटाई को अवैध ठहरा दिया। ब्राजील में पूरे देश में पेड़ो की कटाई पर नियमित रोक है ।इसी प्रकार यूरोपीय देशों ने भी प्रतिबंध लगा रखे हैं लेकिन भारत में बनो के संरक्षण अधिनियम लचीला है क्योंकि हम बढ़ती जनसंख्या के दबाव में सड़क परियोजना, बांध निर्माण, संस्थाओं की इमारतों, बढ़ते कंक्रीट के जंगलों , निजी आवासीय योजनाओं को बनने से रोक नहीं पा रहे हैं। हालांकि भारत में तीव्र विकास को अभी 35 साल ही हुए हैं। फिर भी भारत में 835000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर बन आच्छादित हैं ।यह अकड़ा कुल भारत भूमि 3287235 वर्ग किलोमीटर का 25 फीसदी से अधिक है ।विश्व में रूस में सर्वाधिक 800 मिलियन वर्ग किलोमीटर भूमि में बन है जो उसकी कुल भूमि का 52 फीसदी है। भारत में दो तरह के बन है आरक्षित और संरक्षित। संरक्षित बनो में निर्माण के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण से स्वीकृति लेनी पड़ती है। आरक्षित बनो के मामले में राज्य सरकार सक्षम है। बताया जाता है कि भारत सरकार के आंकड़े कहते हैं कि बन 0.70 प्रतिशत की गति से बढ़ रहे हैं। सरकार और एनजीओ ने मिलकर सामाजिक बानगी, डीप फोरेस्टेशन आदि कार्यक्रम बन बढ़ाने के लिए चला रखे हैं लेकिन अवैध बन माफिया कटाई भी खूब कर रहा है। आज अंतरास्ट्रीय पर्यावरण दिवस है । पर्यावरण संगठन ने विभिन्न स्तरों पर पेड़ लगाने का काम सरकार से मिलकर किया है। पर्यावरण विशेषज्ञ का मत है कि अगर मानव साम्यता ने बनो की अनदेखी की तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का जल स्तर कम होता जायेगा और नदियों में पानी नहीं रहेगा ।भारत में कुछ नदियों को छोड़कर अधिकतर नदियों में बरसात को छोड़कर जल सूख जाता है ।गंगा, जमुना,महानदी, गोमती, कावेरी, कृष्णा, गोदावरी, नर्मदा, सिंध, रावी, व्यास, सतलुज,आदि नदियों के किनारे ही मानव साम्यता का जन्म हुआ था। इन नदियों के डेल्टा में सुंदर बन,जैसे विशाल जंगल श्रृंखलाओं का जन्म हुआ था। पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ स्टैन का मानना है कि जंगल नहीं होंगे तो जल,जीव, मानव, पशु पक्षी, वनस्पति का विकास नहीं होगा ।

उन्होंने कहा है कि पृथ्वी के आवरण से ओजोन परत को पृथ्वी के बढ़ते ताप क्रम से नुकसान हुआ है और ग्लेशियरों का पिघलना जारी है ।यह भी जनसंख्या दबाव के कारण है ।इस मामले में यूरोपीय देशों में जनसंख्या दबाव कम है। नॉर्वे फिनलैंड, आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, डेनमार्क आदि में ग्लेशियरों का संरक्षण हो रहा है और वहां बरसात भी 1500 मि मीटर से अधिक है जबकि भारत में मानसून नियमित है तब भी पूरे भारत की औसत बारिश 700 मि मीटर है। लेकिन अभी भी भारत में बन 25 फीसदी है। क्योंकि अपनी सदाबहार बनो, उष्णकटिबंधीय जलवायु है ।उत्तर में हिमालय में घने जंगलों का डेरा है। पूर्वोत्तर भारत की हरीयाली तो पूरे संसार में सबसे अधिक है। लेकिन जहां तक नदियों, झीलों, तलावों का प्रश्न हैं उसमें यूरोपीय देश, चाइना, अमेरिका की ख्याति है। टेम्स, अमेजॉन, नील,नदियों को सर्वोत्तम माना जाता है। भारत में मप्र सबसे घने जंगलों का प्रदेश है, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर राज्य असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम हरित क्रांति के जनक हैं ।सबसे बुरी हालत राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश,केरल के है। वर्तमान में उसी देश को विकसित माना जाता है जिसमें जीव जंतु, जानवर, पशु पक्षी सुरक्षित हो । मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है क्योंकि मप्र में बन अधिक हैं ।कूनो पालपुर, बांधव गढ़, कान्हा किसली,शिवपुरी नैशनल पार्क, पचमढ़ी,के बन विश्व प्रसिद्ध हैं। उत्तराखंड में राजाजी टाइगर, जिम कार्बेट, देहरादून नेशनल पार्क है। मुरैना , भिंड, श्योपुर में चंबल नदी में नेशनल सेंचुरी है यहां पर दिसंबर माह में न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया,से कई प्रकार पक्षी प्रवास पर आते हैं लेकिन रेत अवैध खनन ने सब गुड गोबर कर दिया है।

# धनुष, नागार्जुन की फिल्म कुबेर का दूसरा एकल अनगनगा कधा जारी, 20 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

धनुष और नागार्जुन अभिनीत कुबेर की टीम प्रचार की लहर को मजबूत बनाए हुए है, और नवीनतम रिलीज़, अनगनगा कधा, फिल्म के नैतिक सार की एक शक्तिशाली संगीतमय व्याख्या प्रस्तुत करती है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित सामाजिक थ्रिलर के लिए प्रत्याशा के रूप में, यह नया एकल फिल्म के सार को प्रकट करता है। यह वास्तव में एक भयावह संख्या है जो लालच, नैतिक पतन और इनके बीच फंसी नाजुक मानवता के विषयों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित, जो अपने चार्टबस्टर मास नंबर के लिए जाने जाते हैं, अनगनगा कढ़ा एक जानबूझकर बदलाव और एक प्रयोगात्मक, आत्मा को झकझोर देने वाला साउंडस्केप है जो उनकी सिग्नेचर स्टाइल



से अलग है। गीतकार चंद्रबोस ने ऐसी पंक्तियाँ कही हैं जो गहरी चोट पहुँचाती हैं, आर्थिक असंतुलन और पैसे के भ्रष्ट प्रभाव जैसे भारी मुद्दों से निपटने के लिए गहन शब्दों का उपयोग करती हैं। यह गीत एक नैतिक कम्पास के रूप में कार्य करता है, जो दर्शकों को उस भावनात्मक क्षेत्र में ले जाता है जिसे फिल्म तलाशने का लक्ष्य रखती है।

## पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर जीता दूसरा यूईएफए नेशंस लीग खिताब,

म्यूनिख (जर्मनी), पुर्तगाल को यूईएफए नेशंस लीग दो बार जीतने वाला पहला देश बनते देखकर स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रो पड़े. पुर्तगाल ने म्यूनिख में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में 2–2 से ड्रॉ के बाद स्पेन को पेनल्टी में 5–3 से हराया. पुर्तगाली स्ट्राइकर ने अपनी टीम के लिए दूसरा बराबरी का गोल किया, लेकिन चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा.कांटे के फाइनल मैच में, दोनों टीमों ने शुरू से ही आक्रमक तेवर दिखाए. स्पेन की ओर से मार्टिन जुबिमेंडी ने गोल करके मैच में बेहतरीन खेल दिखाया. लेकिन, 5 मिनट बाद नूनो मेंडेस ने पुर्तगाल को बराबरी दिलाने में मदद की. हालांकि, हाफटाइम के समय मिकेल ओयारजाबल ने बेहतरीन फिनिश करते हुए स्कोर 2–1 कर दिया. दूसरे हाफ के 15 मिनट बाद आखिरकार सुपरस्टार रोनाल्डो ने एक्शन दिखाया और उन्होंने अपने करियर का 938वां गोल करके मैच को 2–2 से बराबर कर दिया. नियमित समय में रोनाल्डो के लंगड़ाते हुए बाहर जाने के बावजूद, पुर्तगाल ने अतिरिक्त समय में दबाव बनाया.

# कालीस अल्काराज ने रचा इतिहास

पेरिस । स्टार टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कालीस अल्काराज ने रविवार, 8 जून को फ्रेंच ओपन 2025 के फाइनल में धमाकेदार जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया. अल्काराज ने चौथे सेट में तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर फाइनल में जबरदस्त वापसी की. इस शानदार जीत के साथ ही स्पेनिश खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया है क्योंकि वह ओपन एरा में 3 चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम फाइनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं.



अल्काराज ने पांच सेटों के मैराथन में वर्ल्ड नंबर–1 इटली के जैनिक सिनर को जबरदस्त फाइनल में हराया, जो अब तक के सबसे बेहतरीन फ्रेंच ओपन फाइनल में से एक के रूप में जाना जाएगा. स्पेन के इस खिलाड़ी ने शुरुआती 2 सेट गंवाने के बाद विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी को 4–6, 6–7 (4–7), 6–4, 7–6 (7–3), 7–6 (10–2) से हराया. दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला करीब 5 घंटे और 30 मिनट तक चला. जो अब तक का सबसे लंबा फ्रेंच ओपन फाइनल है, जिसने पिछले सबसे लंबे 4 घंटे और 42 मिनट के फाइनल को पीछे छोड़ दिया है.

इस जीत ने अल्काराज को अपना दूसरा रोलैंड गैरोस खिताब और कुल मिलाकर 5वां मेजर खिताब दिलाया, जिससे स्लैम फाइनल में उनका 5–0 का रिकॉर्ड बना रहा. वह गुस्तावो कुर्टेन और राफेल नडाल के बाद इस सदी के सिर्फ तीसरे व्यक्ति बन गए हैं जिन्होंने अपना फ्रेंच ओपन का खिताब सफलतापूर्वक बरकरार रखा है.

# एकता कपूर ने नेटफ्लिक्स से मिलाया हाथ





एकता कपूर उन भारतीय निर्माताओं में शुमार हैं, जिन्होंने न सिर्फ टीवी, बल्कि फिल्मों और ओटीटी तक पर खूब नाम कमाया है। 19 साल की उम्र में अपना पहला धारावाहिक हम पांच बनाने वाली और एमी पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म निर्माता एकता ने टीवी और फिल्मी दुनिया में अपना बड़ा योगदान दिया है। अब एकता की बालाजी टेलीफिल्म्स ने कहानियों को रचनात्मक ढंग से पेश करने के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स से हाथ मिलाया है। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और नेटफ्लिक्स कहानियों को अलग–अलग जॉनर में रचनात्मक तरीके से पेश करेंगे। एकता ने कहा, बालाजी टेलीफिल्म्स में कहानी सुनाना हमेशा से ही हमारे हर काम के केंद्र में रहा है, चाहे वो सिनेमा हो, टेलीविजन हो या डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हो। नेटफ्लिक्स के साथ आना हमारे लिए बड़ा मौका है। एकता के मुताबिक, इस साझेदारी के जरिए वह ऐसा क्रिएटिव कंटेंट पेश करेंगी, जो मनोरंजन करेगा, प्रेरित करेगा और हर जगह से लोगों को जोड़ेगा। इस सहयोग के बारे में नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेंट टीम की उपाध्यक्ष मोनिका शेरगिल ने कहा, एकता मनोरंजन की दुनिया में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व हैं,

## रेड टॉप और मिनी स्कर्ट में अवनीत कौर का डांस वीडियो वायरल

सोशल मीडिया सेंसेशन और एक्ट्रेस अवनीत कौर ने एक बार फिर अपने डांस वीडियो से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है. अवनीत ने इंस्टाग्राम पर एक नया रील शेयर किया है जिसमें वह रेड डीप नेक टॉप और ब्राउन लेदर मिनी स्कर्ट में जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं. वीडियो में उनके डांस मूव्स और एक्सप्रेशन्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है. अवनीत का यह वीडियो कुछ ही घंटों में 1.4 लाख से ज्यादा लाइक्स बटोर चुका है और इस पर लगातार कमेंट्स आ रहे हैं. किसी ने उन्हें हमेश की तरह अद्भुत कहा तो किसी ने लिखा आपके डांस मूव्स बहुत अच्छे हैं .

# बीसीसीआई ने घरेलू कार्यक्रम में किए बदलाव

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025 में घरेलू सीरीज के कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए हैं। दरअसल, इस साल अक्टूबर–नवंबर में भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। इन दोनों सीरीज की मेजबानी को लेकर बीसीसीआई ने कुछ बदलाव किए हैं। इसके साथ–साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के कार्यक्रम को लेकर भी बोर्ड ने अपडेट दिया है।

बीसीसीआई के अपडेट के मुताबिक, वेस्टइंडीज की टीम 2 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में सीरीज का पहला टेस्ट



खेलेगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट, जो 10 अक्टूबर को कोलकाता में शुरू होने वाला था, उसे नई दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया है।

बदले में, कोलकाता अब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। इससे पहले ये मैच दिल्ली में खेला जाना तय था।

इस बीच, चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होनी थी।

आउटफील्ड और पिचों के पुनर्निर्माण के कारण अब सीरीज को स्थानांतरित कर दिया गया है। अब नए अपडेट के अनुसार, चंडीगढ़ सीरीज के पहले 2 वनडे की मेजबानी करेगा और सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच नई दिल्ली में खेला जाएगा।

## एक नजर

### कारगिल शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारतीय सेना 'घर-घर शौर्य सम्मान महोत्सव के तहत करगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों को उनके घर जाकर सम्मानित कर रही है। नायब सूबेदार चंद्र ने बच्चों को करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी भरी कहानियां सुनाईं, ताकि युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिले और वे भारतीय सेना का हिस्सा बने। कहा कि सेना केवल अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा नहीं करती है, बल्कि शहीदों के परिजनों का भी ख्याल रखती है। सोमवार को कारगिल से आई सेना की टीम सतपुली में शहीद राइफलमैन डबल सिंह के घर पहुंची। सेना के अफसरों ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य बलिदान को याद करना भी है। सेना के नायब सूबेदार सुधीर चंद्र और उनकी टीम स्मृति चिह्न व सम्मान पत्र लेकर गैलंट्री अवॉर्ड विजेता सेना मेडल विजेता शहीद राइफलमैन डबल सिंह सेना के घर पहुंची। शहीद सिंह की पत्नी राजी देवी को सेना ने सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न सौंपा। नायब सूबेदार चंद्र ने बताया कि यह महोत्सव केवल एक सम्मान कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश भी है कि राष्ट्र अपने वीरों को कभी नहीं भूलता। हर नागरिक शहीदों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करे, ताकि उन्हें यह महसूस हो उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। स्थानी ग्रामीण, स्कूली छात्र, पूर्व सैनिक , जनप्रतिनिधि आदि भी मौजूद रहे।

### 300 से अधिक ग्रामीणों ने कराया आधार में संशोधन

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के डागर, अकरी-बारजुला व हिसरियाखाल पट्टी में जिलाधिकारी टिहरी के निर्देश पर आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर सौम्या गर्ब्याल ने भी मौके पर पहुंच ग्रामीणों की दस्तावेजों सबंधी समस्याओं का निराकरण किया। आगामी 14 जून तक विभिन्न क्षेत्रों में आधार संशोधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कीर्तिनगर ब्लाक के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण अपने आधार में संशोधन के लिए ब्लॉक मुख्यालय नहीं पहुंच पाते थे। ऐसे में ग्रामीणों को अन्य आवश्यक दस्तावेजों को बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा ने बताया कि गुरुवार पांच जून से क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में संशोधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक तीन सौ से अधिक ग्रामीण सेवाओं का लाभ ले चुके हैं। बताया कि राजकीय इंटर कालेज चौकी में आधार संशोधन व सुधारीकरण शिविर लगाया गया, जिसमें दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर अपना आधार ठीक कराया। इस दौरान ग्रामीणों के तहसील संबंधी दस्तावेजों में दिक्कतों का उपजिलाधिकारी द्वारा समाधान किया गया। इस मौके पर संदीप राणा, राकेश राणा, नरेंद्र सिंह, संजय, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### ग्रामीणों ने गुरुमाणिक नाथ के दर्शन कर मांगा आशीर्वाद

नई टिहरी : कोटी फैगुल क्षेत्र के प्रसिद्ध गुरुमाणिक नाथ मेला और यात्रा का शानदार समापन हो गया। ग्रामीणों ने साढ़े 5 किमी. की चढ़ाई चढ़कर माणिनाथ गुफा के दिव्य दर्शन किए और खुशहाली की कामना की। इस दौरान गुरु माणिकनाथ के पश्वा ने क्षेत्र में रोपाई का दिन तय किया। इस बार पूरे क्षेत्र में 9 गते अषाढ़ को रोपोई शुरू होगी। ऐतिहासिक गुरुमाणिक नाथ के दो दिवसीय मेला और यात्रा का सोमवार को समापन हो गया। यात्रा के संयोजक रिटायर्ड कर्नल रघुवीर सिंह भंडारी ने बताया कि रविवार के मगरौं-पौखाल में मेला आयोजित किया गया। वहीं सोमवार तड़के श्रद्धालुओं ने मगरों से माणिनाथ गुफा की साढ़े 5 किमी. की यात्रा तय की। ग्रामीणों ने बाबा के जयकारे लगाए और परिवार और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। गांव के डॉ. वीर सिंह रावत ने बताया कि यह यात्रा हर मायने में अलग है। यात्रा में शामिल होने वाले ग्रामीण व श्रद्धालु यात्रा शुरू होने से तीन पहले लहसुन, प्याज सहित सभी तामसी भोजन को त्याग देते हैं। वह सात्विक भोजन और व्यवहार को अपनाकर इस यात्रा को करते हैं। हर साल 8 और 9 जून को ही गुरुमाणिक मेला व यात्रा की जाती है। बताया कि गुरुमाणिक नाथ की कुंडली देखेने के बाद ही क्षेत्र में रोपाई का दिन तय होता है। इस बार 8 गते आषाढ़ को बिज्वाड़ और 9 गते को रोपाई शुरू होगी। यात्रा में 300 से अधिक ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। गांव के वीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथ में चावल और पिठाईं लेकर आगे बढ़े। महिलाओं और पुरूषों ने तत्परता से हिस्सा लिया। मान्यता के अनुसार गुफा में सिर्फ पुरूष यात्री ही जा सकते है,

# पर्यावरण संरक्षण को अवश्य करें पौधा रोपण : कोश्यारी

**पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने किया पौधारोपण**
**कोटद्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से की मुलाकात**


कोटद्वार में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात करते भगत सिंह कोश्यारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि अपनी आने वाली पढ़ी को बेहतर पर्यावरण देने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। बिना पर्यावरण संरक्षण हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस दौरान भगत सिंह कोश्यारी ने कोटद्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। साथ ही उन्होंने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमाल्डी में पौधा रोपण किया।

विकासखंड रिखणीखाल के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमाल्डी में आधारशिला संस्थान की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमें अपनी भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित वातावरण देने की जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आधारशिला संस्थान एवं जिला प्रशासन की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि आजीविका के लिए उद्यम व परिश्रम जरूरी है, आप जहां भी काम करो, लेकिन अपने गांव से जरूर जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि हम जिन पौधों का रोपण करते हैं, उनकी बच्चे की तरह देखरेख करने की आवश्यकता होती है। पर्यावरण को लेकर भारत का चिंतन सर्वश्रेष्ठ रहा है, यहाँ पेड़ों को काटा नहीं जाता, बल्कि पूजा जाता है। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विभागों को सक्रियता दिखाते हुए कुमाल्डी के ग्रामीणों के घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं की हेल्थ स्क्रीनिंग, पेंशन से वंचित लोगों का चिन्हीकरण करने, राजस्व विभाग की तरफ से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों को जारी करने, पशुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग व चारे की समस्या को लेकर पशुपालकों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्र के आठ महिला मंगल दलों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी लैंसडौन शालिनी मौर्य, आधारशिला संस्थान के अध्यक्ष नरेश चंद्र घिल्डियाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आदिल अली, महाप्रबंधक उद्योग सोमनाथ गर्ग, थानाध्यक्ष रिखणीखाल संजय सिंह असवाल, ग्राम प्रशासक कुमाल्डी हीमा देवी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बसड़ा मोहन सिंह नेगी, विनोद, दिनेश रावत, राकेश देवरानी आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने कराई जांच



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : सिमलना के राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्यालनी में शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर अनन्त कुकरेती न्यास की ओर से सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने जांच कराई। शिविर में डा. राजेश जोशी, डा. अशोक भट्ट व राजू कुकरेती ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की। शिविर का शुभारंभ न्यास अध्यक्ष मधु कुकरेती, संस्थापक जगदीश प्रसाद कुकरेती व मुख्य न्यासी श्रीकान्त कुकरेती ने शहीद लेफ्टिनेंन्ट कमांडर अनन्त कुकरेती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। बताया न्यास की ओर से इंटर कॉलेज पोखरी अजमीर में अध्ययनरत निर्धन छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु भी एक लाख रुपये की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाती है। इस दौरान चंडी प्रसाद कुकरेती, मोहन कुकरेती, मनोज कुकरेती, विजय कुकरेती, सेवा निवृत्ति मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनूप कुमार डिमरी, डा. राकेश जोशी, डॉ. अशोक भट्ट, राजू कुकरेती, सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रहीं।

# आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष, किया प्रदर्शन


कोटद्वार तहसील में आरोपित की गिरफ्तारी को प्रदर्शन करते पार्षद व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुमखाल-सतपुली के मध्य पोकलैन मशीन से युवक की हत्या करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पार्षदों व क्षेत्रीय लोगों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि देवभूमि में अपराध किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों ने मृतक युवक के परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग उठाई।

सोमवार को पार्षद व स्थानीय लोग तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने खूब नारेबाजी की। इसके उपरांत प्रशासन को ज्ञापन दिया। कहा कि शनिवार रात पोकलेन मशीन के आपरेटर ने ग्राम नौसिन निवासी सुमन देवरानी की हत्या कर दी थी। घटना को 24 घंटे से भी अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, अब तक पुलिस आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। कहा कि ऐसे में पुलिस व प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहा कि उत्तराखंड के शांत पहाड़ों में इस तरह का अपराध किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि जल्द आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद सौरभ नौटियाल, विपिन डोबरियाल, जयदीप नौटियाल, दिवाकर लखेड़ा, सतेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह, सौरभ बिष्ट, रविंद्र सिंह, चंद्रमोहन काला आदि मौजूद रहे।

# बालिका वर्ग में हल्दूचौड़ व बालक वर्ग में बागेश्वर ने जीता फाइनल


दुगड्डा में आयोजित राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की विजेता टीम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस दौरान बालक वर्ग में बागेश्वर व बालिका वर्ग में हल्दूचौड़ की टीम ने फाइनल मुकाबाल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

स्व. दीपक मोहन बडोला की स्मृति में दुगड्डा में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बागेश्वर व टिहरी के बीच खेला गया, जिसमें बागेश्वर विजयी रहा। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल दुगड्डा व हल्दूचौड़ के मध्य हुआ, जिसमें हल्दूचौड़ विजयी रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हल्दूचौड़ की टीम ने बागेश्वर को शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया। बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बागेश्वर व ऋषिकेश के बीच हुआ, जिसमें बागेश्वर विजयी रहा। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दुगड्डा ने चकलवा को हराया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बागेश्वर की टीम ने मेजबान दुगड्डा को हराया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बेस्ट अटेकर का खिताब चकलवा की छात्रा छाया को दिया गया। जबकि बेस्ट डिफेंडर का खिताब बागेश्वर की छात्रा कविता को दिया गया। बालक वर्ग में बेस्ट अटैकर दुगड्डा के मोहित नेगी रहे, जबकि बेस्ट डिफेंडर बागेश्वर के मयंक थापा रहे। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को दस-दस हजार और उप विजेता टीमों को पांच-पांच हजार का नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गई। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजक प्रदीप बडोला के साथ ही संजीव कपूर, संजीव कोटनाला सहित तमाम क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

# शहर में धूमधाम से निकाली बाला जी की भव्य शोभायात्रा


बालाजी के वार्षिकोत्सव के दौरान निकाली गई शोभा यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री बाला जी मंदिर समिति की ओर से आयोजित बाला जी के वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शहर में बालाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बालाजी का रथ आकर्षण का केंद्र रहा। लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।

सोमवार शाम बदरीनाथ मार्ग पर टाटा कमर्शियल मोटर्स के समीप से निकाली गई शोभा यात्रा को लैंसडौन विधायक दलीप रावत व भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने शहर के लिए रवाना किया। शोभा यात्रा में राम दरवार की झांकी, पंचमुखी हनुमान, तिरुपति बालाजी के साथ ही भगवान की विभिन्न झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने सड़क किनारे खड़े होकर बालाजी के दर्शन कर अपने परिवार व देश के लिए सुख-शांति की कामना की। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए सड़क किनारे जगह–जगह पानी व शर्बत की भी व्यवस्था की गई थी। शहरवासियों ने फूल बरसाते हुए बालाजी के रथ का स्वागत किया। शोभायात्रा बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, स्टेशन रोड, नजीबाबाद रोड, पेटल मार्ग होते हुए वापस बालाजी मंदिर में पहुंची। समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम में दस जून को डोली आगमन, दिव्य डोली दरवार व बालाजी को भव्य छप्पन भोग लगाए जाएंगे।

### कोटद्वार के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : देहरादून में हुई राज्य स्तरीय बालक-बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता में राजकीय स्टेडियम कोटद्वार के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ियों की इस सफलता पर खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है। स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि सात से नौ जून तक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें वंश खाती ने 52 से 54 भार, लक्की बगड़वाल ने 54 से 57 किलोग्राम भार, प्रत्यूष डोभाल ने 57 से 60 किलोग्राम भार वर्ग व अभय धामी ने 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग, मयंक नेगी ने 66 से 70 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत। जबकि, रक्षित जोशी ने 60 से 63 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, युवराज आर्या ने 46 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, अंश वेदवाल ने 60 से 63 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, शिवम चौधरी ने 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक और बालिका वर्ग में प्रिया नेगी ने 66 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रत्यूष डोभाल को पूरे टूर्नामेंट का बेस्ट बॉक्सर के खिताब से भी नवाजा गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार डुकलान ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# एनसीसी कैडेटस सीख रहे हथियार चलाने और मानचित्र अध्ययन के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र नागदेव में एनसीसी की दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है, जिसमें एनसीसी कैडेटों को हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में पौड़ी व रुद्रप्रयाग जिले के 13 स्कूलों के 335 कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं। सोमवार को कार्यशाला में आपदा प्रबंधन विभाग के मास्टर ट्रेनर किशन सिंह चौहान ने एनसीसी कैडेटों को बताया कि हर मौसम में आपदाएं आती रहतीं हैं, जिससे डर व दहशत की वजह से अधिक नुकसान होता है। उन्होंने कैडेटों को आपदा बचाव के विभिन्न उपकरणों की भी जानकारी दी। इस दौरान एफएसओ सुनील दत्त तिवारी ने घेरलू गैस, जंगल की आग सहित अन्य आगजनी की घटनाओं की जानकारी दी। 4 यूके एनसीसी पौड़ी के कमांडेंट लेफ्टीनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला 12 जून तक चलेगी। इस दौरान एनसीसी कैडेटों को हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा कैडेटों को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है। बताया कि साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, अग्निवीर भर्ती की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। बताया कि थल, जल व वायु सेना, अर्द्धसैनिक बलों में सेवा को लेकर भी कैडेट को जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर सुबेदार ओम प्रकाश, हवलदार सुबोध प्रसाद, अनूप सिंह, संजय सिंह, योगेश, मनोज, एएनओ में कैप्टन वेद प्रकाश डोभाल, लेफ्टिनेंट नरेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार, लेफ्टिनेंट धनराज, सेकेंड आफिसर लक्ष्मण सिंह, थर्ड ऑफिसर किशोरी लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### एरियर का भुगतान न होने से भड़के श्रमिक

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ देवप्रयाग ने अप्रैल से अक्तूबर 2024 तक अवशेष धनराशि (एरियर) का भुगतान न होने पर रोष व्यक्त किया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द से समस्याओं का सामाधान नहीं होता है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को भेजे ज्ञापन में उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के अध्यक्ष सुनील गैरोला ने कहा कि बीते 28 जनवरी को त्रिपक्षीय वार्ता में हुए समझौते का विभाग द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है।

# पौकलैंड चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दे रही दबिश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी-सतपुली-कोटद्वार नेशनल हाईवे पर मल्ली सतपुली के पास शनिवार की रात मामूली विवाद के बाद पौकलैंड मशीन चालक द्वारा युवक की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस की टीमों ने दबिशें देनी शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के दोस्त की तहरीर पर सतपुली थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी फरार पौकलैंड चालक की गिरफ्तारी के लिए सोमवार को भी पुलिस की टीमें ने सर्च अभियान चलाया।

घटना के बाद से पौकलैंड ऑपरेटर फरार चल रहा है। हालांकि, घटना के दो दिन बाद भी इस मामले में फरार आरोपी पौकलैंड चालक पुलिस की गिरफ्तर से बाहर है। एसएसपी पौड़ी ने रविवार को ही पुलिस टीमें गठित कर दी थी। घटना की सूचना पर सीओ सदर पौड़ी ने भी रविवार को ही पुलिस अफसरों के साथ मौके का निरीक्षण किया था।

सीओ ने मौका मुआयना कर थाना प्रभारी सतपुली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। नेशनल हाईवे पर हुई घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने विरोध कर जाम लगाकर आरोपी की गिफ्तारी की मांग की थी। पौड़ी के क्षेत्राधिकारी त्रिवेंद्र सिंह राणा ने बताया है कि आरोपी प्रवीण सिंह की धरपकड़ को लेकर पुलिस टीमें जुटी हैं। बताया कि फरार आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### तीन नेपालियों से 30 किलो मांस बरामद

रुद्रप्रयाग : चौकी फाटा क्षेत्र में पुलिस चेकिंग में तीन नेपालियों के पास से 30 किलो मांस बरामद कर उनका चालान किया गया है। पुलिस ने बताया कि अनिल निवासी दैलिखा, जिला दैलिखा नेपाल हाल निवासी सोनप्रयाग, दिपेन्द्र शाही निवासी ग्राम पिली जिला कालीकोट, नेपाल हाल निवासी गौरीकुण्ड एवं खगेन्द्र शाही निवासी ग्राम चौकी जिला सुरखेत नेपाल हाल निवासी सोनप्रयाग के कब्जे से कट्टों व छोटे-छोटे थैलों में रखा तीस किलो मांस बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि मांस का उपयोग स्वयं व अन्य साथी नेपाली मजदूरों व घोड़ा-खच्चर संचालन का कार्य कर रहे व्यक्तियों को बेचना था।

# घर का ताला तोड़ नगदी व ज्वैलरी की साफ


चोरों द्वारा तोड़ी गई आलमारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ने लगा है। बदमाशों ने बालासौड़ हरसिंहपुर में एक घर का ताला तोड़ वहां रखी नगदी व ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया। भवन स्वामी विद्या सागर ने पुलिस को बताया कि छह जून को वह अपने मित्र की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने प्रयागराज गए हुए थे। बताया कि वह घर में अकेले ही रहते थे। इसलिए दरवाजों व मुख्य द्वार पर ताला लगाने के बाद उन्होंने चाबी अपने पड़ोस में रहने वाले एक मित्र को दे दी थी। बताया कि 8 जून को जब उनकी बेटी घर पहुंची तो उसने देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। साथ ही दरवाजों के ताले भी तोड़े गए हैं। कमरे में रखी आलमारी को तोड़कर वहां से 11 हजार रुपये, आठ ग्राम गोल्ड, चांदी के चाबी के छल्ले व चांदी की अन्य वस्तुएं गायब थी। बताया कि घटना की सूचना उनकी पुत्री ने उन्हें फोन पर दी। जिसके बाद उन्होंने कोटद्वार में रहने वाले अपने मित्र अतुल भट्ट को पूरी सूचना दी। जिसके बाद अतुल भट्ट पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

# विधायक ने किया सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने सोमवार को कल्जीखाल ब्लाक की दो सड़कों का लोकार्पण और एक का शिलान्यास किया। साथ ही विधायक ने घंडियाल-गढ़कोट सोलिंग एवं पेंटिंग कार्य का औचिक निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय से कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस मौके पर विधायक राजकुमार पोरी ने विधायक ने 198.39 लाख की लागत वाली कांसखेत में कांसखेत-असगढ-बड़कोट और 341.77 लाख लागत वाली बूंगा बैंड साकनीखेत -भैडगांव सड़क के सुधारीकरण का लोकार्पण करने सहित ग्राम बुटली गांव को जोड़ने वाली करीब 53.40 लाख की लागत से बनने वाले मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सड़कों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से लंबे समय से मांग की जा रही है। कहा कि इन सड़कों से क्षेत्र के लोगों को आवाजाही करने में काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र बिष्ट, सुशील रावत, मनोज नैथानी, जगपाल नेगी, चित्र सिंह रावत, ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती उर्मिला देवी, गौतम रावत, नवीन जुगरान, बंटी रावत, अशोक रावत आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने रेलवे के खिलाफ किया प्रदर्शन

चमोली : चमोली जिले के विकासखंड पोखरी के बनातोली सिवाई में मां चंडिका का पौराणिक धारा रेलवे के निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। मन्दिर समिति ने रेलवे से धारा के पुनर्निर्माण की मांग की गई थी। जिलाधिकारी को पौराणिक धारा के पुनर्निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा था। सोमवार को मां चंडिका के 27 गांवों के लोगों ने रेलवे के खिलाफ बनातोली सिवाई पहुंचकर प्रदर्शन किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलबर सिंह और सचिव ईश्वरसिंह ने कहा रेलवे ने मां चंडिका का पौराणिक धारा रेलवे निर्माण कार्य के दौरान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ था। ग्रामीणों ने इसे जल्द से जल्द दोबारा बनाने की मांग की है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पोस्ट ऑफिस कोटद्वार की अभिकर्ता हूं। मेरा अधिकार पत्र संख्या (एजेंसी संख्या) 716 है, जिसका वैधता तिथि 17/05/2025 से 16/05/2029 तक है। मेरा कार्ड संख्या IVC-003697 कहीं खो गया है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। मैंने उक्त कार्ड संख्या IVC-003697 का कहीं भी प्रयोग नहीं किया है।

**पूनम देवी पत्नी ताजबर निवासी लालपानी वल्ली, पोस्ट कुम्भीचौड़, पट्टी सनेह, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## छावनी परिषद्, लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

**कोटेशन नोटिस (तृतीय सूचना)**

छावनी परिषद् चिकित्सालय लैन्सडौन हेतु दवाइयों, शल्य सामग्री, एक्स-रे फिल्म, लैब सामग्री, ड्रेसिंग, फिजियोथेरपी सामग्री इत्यादि हेतु इच्छुक सप्लायरों/वितरकों/उत्पादकों से ऑनलाईन कोटेशन www.defproc.gov.in वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑन लाईन भरने की तारीख | 30 जून 2025 समय 1100 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | 01 जुलाई 2025 समय 1130 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑनलाईन भरे जाएंगे व कोटेशन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**पत्रांक सं0 1110/ दवाईयाॅ/25-26/छा0प0**
**दिनाॅक:.............जून 2025**

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद् लैन्सडौन।**

## संक्षिप्त समाचार

### यूपीसीएल वरिष्ठता विवाद में महासंघ भी कूदा

देहरादून। यूपीसीएल सहायक अभियंता वरिष्ठता निर्धारण विवाद में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ भी कूद गया है। महासंघ ने यूपीसीएल की एई वरिष्ठता सूची को पूरी तरह नियम विरुद्ध करार दिया। महासंघ अध्यक्ष एसएस चौहान ने मुख्य सचिव को पत्र भेज वरिष्ठता को नियमानुसार संशोधित करने की मांग की। महासंघ अध्यक्ष एसएस चौहान ने कहा कि यूपीसीएल मैनेजमेंट ने वर्ष 2007–08 और 2008–09 की वरिष्ठता सूची में सीधी भर्ती के ऐसे सहायक अभियंताओं को भी शामिल कर दिया गया, जिनकी नियुक्ति ही वर्ष 2009–10 में हुई है। जो लोग 2008 में जब विभाग में नियुक्त ही नहीं हुए, तो उन्हें कैसे उस वर्ष की वरिष्ठता दी जा सकती है, जब वे सेवा में ही नहीं थे। महासंघ ने इसे हाईकोर्ट के आदेश की सीधे अवमानना करार दिया। महसंघ ने इसे यूपीसीएल मैनेजमेंट के आंदोलन के लिए उकसाने वाली कार्रवाई बताया। कहा कि जल्द वरिष्ठता सूची में हाईकोर्ट और नियमावली के अनुरूप संशोधन न हुआ तो सीधे आंदोलन में महासंघ भी शामिल हो जाएगा। प्रमुख सचिव ऊर्जा से भी शिकायत विद्युत डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने भी प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम को पत्र लिख कर वरिष्ठता सूची को पूरी तरह नियम विरुद्ध करार दिया। अध्यक्ष पंकज सैनी ने कहा कि हाईकोर्ट ने जो आदेश दिए, उसके अनुसार वरिष्ठता निर्धारित नहीं की गई। इसका विरोध किया जा रहा है। एसोसिएशन ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। यूपीसीएल मुख्यालय में चल रहे धरने में उपमहासचिव भानु प्रकाश, प्रदीप शर्मा, सुखबीर सिंह, जावेद, हंसराज सैनी, राजीव सिंह ने समर्थन दिया।

### निराशाजनक और विभाजनकारी रहे केंद्र के 11 साल: दसोनी

देहरादून, केंद्र सरकार के 11 साल के कार्यकाल को कांग्रेस ने कुशासन, कुनीतियों का कार्यकाल बताया। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि केंद्र सरकार का कुल कार्यकाल जनता के साथ छल, लोकतंत्र पर प्रहार और देशहित के नाम पर निजी हितों के विस्तार तक सीमित रहा। कहा कि 2014 में बड़े बड़े वादों और भारी जनसमर्थन के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार ने जनता को 'अच्छे दिन का सपना दिखाया। एक दशक से अधिक समय में जो कुछ भी सामने आया, वह निराशाजनक, विभाजनकारी और विनाशकारी है। इस एक दशक में देश के लोकतंत्र और संस्थाओं पर हमला हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया गया। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया। नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसलों से लाखों छोटे व्यापार तबाह हो गए। बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक असमानता की खाई बढ़ती गई। कहा कि केंद्र सरकार के 11 साल का कार्यकाल सामाजिक सौहार्द पर चोट का रहा। देश में धार्मिक ध्रुवीकरण और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले बढ़े। कोविड कुप्रबंधन का खामियाजा गरीब जनता को भुगतना पड़ा। किसानों और श्रमिकों की उपेक्षा की गई। तीन कृषि कानूनों ने किसानों को आंदोलित किया, पर सरकार ने उनकी आवाज को नजरअंदाज किया।

### यूपीसीएल की नियमावली से ही तैयार हुई वरिष्ठता सूची

देहरादून। उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने चार जून को जारी सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची को पूरी तरह नियमानुसार करार दिया। जेई संवर्ग की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज किया। कहा कि सीधी भर्ती के सहायक अभियंता भी उत्तराखंड के ही मूल निवासी हैं। एसोसिएशन के महासचिव राहुल चानना ने कहा कि नैनीताल हाईकोर्ट ने अपने आदेश के पैरा संख्या–12 में स्पष्ट किया था कि यूपीसीएल में लागू नियमों के अनुसार रोटा कोटा लगाते हुए वरिष्ठता का निर्धारण किया जाना है। इसी नियम के अनुसार वरिष्ठता निर्धारित हुई है। दूसरा भ्रम फैलाया जा रहा है कि विज्ञापन की तारीख से वरिष्ठता नहीं दी जा सकती। इस सम्बन्ध में यूपीसीएल में लागू सेवा नियमावली के ज्येष्ठता के नियम 19(4) में साफ है कि जहां रोटा कोटा का सिद्धांत लागू है, वहां यदि किसी वर्ष में किसी एक संवर्ग के अभ्यर्थी देरी से नियुक्त हुए हैं, तो ऐसी स्थिति में ज्येष्ठता का निर्धारण उसी तरह होगा, जैसा कि समय पर नियुक्ति होने पर होता। इसी नियम के अनुसार वरिष्ठता हुआ है। तीसरा भ्रम फैलाया जा रहा है कि मूल निवासी पदोन्नत सहायक अभियन्ताओं की पदोन्नति नहीं की जा रही है।

# कंडोलिया ठाकुर की तीन दिवसीय वार्षिक पूजा संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : मंडल मुख्यालय पौड़ी शहर के शीर्ष पर स्थित भूम्याल देव कंडोलिया ठाकुर का तीन दिवसीय वार्षिक पूजन कार्यक्रम विधिवत यज्ञ, पूजा, अर्चना और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। न्याय के देवता कंडोलिया ठाकुर की पूजा अर्चना के लिए रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमीड़ हुई थी।



कंडोलिया ठाकुर के दर्शन करने श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइन लगी रही। स्थानीय ही नहीं बल्कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा कंडोलिया के वार्षिक पूजन के तीसरे और अंतिम दिन यज्ञ, पूजा, अर्चना और विशाल भंडारे में शामिल होने पहुंचे। मंदिर में पूजा, अर्चना व कीर्तन, भजनों से माहौल आस्था मय बना रहा। मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ बाबा कंडोलिया के सामने आस्था और विश्वास से शीष झुकाती हुई नजर आई। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए सड़क मार्ग से ही पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। कंडोलिया सर्किट हाउस मार्ग पर यातायात को पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के लिए रोक दिया गया। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा कंडोलिया के दर्शन कर विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कंडोलिया थीम पार्क का भी आनंद लिया और पार्क में बनी पौड़ी थीम पर श्रद्धालु पर्यटक शेल्पी लेते हुए दिखाई दिए।

# उत्तराखण्ड के लोक साहित्य को डिजिटल स्वरूप में किया जाएगा संरक्षित : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखण्ड की बोलियों, लोक कथाओं, लोकगीतों एवं साहित्य के डिजिटलीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं। इसके लिए ई-लाइब्रेरी बनाई जाए। लोक कथाओं पर आधारित संकलन बढ़ाने के साथ ही इन पर ऑडियो विजुअल भी बनाये जाएं। स्कूलों में सप्ताह में एक बार स्थानीय बोली भाषा पर भाषण, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। उत्तराखण्ड भाषा एवं साहित्य का बड़े स्तर पर महोत्सव किया जाए, इसमें देशभर से साहित्यकारों को बुलाया जाए। उत्तराखण्ड की बोलियों का एक भाषाई मानचित्र बनाया जाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की साधारण सभा एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि भेंट स्वरूप बुके के बदले बुक के प्रचलन का राज्य में बढ़ावा दिया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान की राशि 05 लाख से बढ़ाकर 05 लाख 51 हजार की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान भी दिया जायेगा, जिसकी सम्मान राशि 05 लाख रूपये होगी। राजभाषा हिन्दी के प्रति युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कलमकार प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें दो आयु वर्ग में 18 से 24 और 25 से 35 के युवा रचनाकारों को शामिल किया जायेगा। राज्य के दूरस्थ स्थानों तक सचल पुस्तकालयों की व्यवस्था कराने के साथ ही पाठकों के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें एवं साहित्य उपलब्ध कराने के लिए बड़े प्रकाशकों का सहयोग लेने पर सहमति बनी।



# लाखों की ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

नई टिहरी : कीर्तिनगर निवासी व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी करने वाले मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि सौरभ कुमार पुत्र कुशला नन्द बडोनी, निवासी ग्राम बरसौली, थाना कीर्तिनगर से अज्ञात ठग ने साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी की थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। पीड़ित सौरभ को ठग ने शेयर मार्केट में निवेश कर तिगुने मुनाफे का झांसा दिया था। जिसके बाद ठग ने कुल साढ़े पांच लाख रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली। पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त धनराशि से डेढ़ लाख रुपये वादी के खातों से आरोपी अर्पित जैन पुत्र विनोद जैन उम्र 32 वर्ष, निवासी 203, राजलक्ष्मी टावर, थाना द्वारिकापुरी, इंदौर मध्य प्रदेश के नाम पंजीकृत यूको बैंक में ट्रांसफर की गई थी। यह खाता वैष्णवी ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से संचालित है। बीती छह जून को पुलिस ने आरोपित को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित थाना द्वारिकापुरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपित के खाते से पिछले एक महीने में लगभग तीन करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन की गई है।

### पुलिस ने किये 12 का चालान

नई टिहरी। थाना कैम्पटी पुलिस ने ऑपरेशन लगाम अभियान के अन्तर्गत 12 व्यक्तियों का चालान किया। इन सभी से 3 हजार 250 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने जिले में सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत कैम्पटी थानाध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने ऑपरेशन लगाम चलाया। अभियान के तहत पुलिस सड़क व नदियों के किनारे, कॉलेज व हॉस्टल के आसपास खुले में वाहनों में शराब का सेवन करने वालों, हुड़दंग करने वालों व रैश ड्राइविंग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसके तहत 12 व्यक्तियों का चालान कर 3 हजार 250 रुपये धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई।

# एकेश्वर ब्लॉक के सिरौली गांव में सक्रिय गुलदार को नरभक्षी घोषित किया जाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की दमदेंवल रेंज के एकेश्वर ब्लॉक के पट्टी मवालस्यू के सिरौली गांव में सक्रिय गुलदार को लेकर ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि अभी तक गुलदार को पकड़ नहीं गया है।

गुलदार क्षेत्र में सक्रिय है और इस दौरान दो पालतू पशुओं को भी निवाला बना चुका है। जिस कारण ग्रामीण दहशत में है। कहा कि गुलदार को नरभक्षी घोषित कर गुलदार के आतंक से निजात दिलाई जाय।



सोमवार को कांग्रेस के पदाधिकारियों ने एकेश्वर में सक्रिय गुलदार को नरभक्षी घोषित कर प्रभावित परिवार को समुचित मुआवजा देने की मांग वनाधिकारियों से की। कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारियों ने डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। राजपाल बिष्ट ने कहा कि गुलदार क्षेत्र में अभी घूम रहा है और इस बीच गुलदार ने दो पालतू पशुओं को भी मारा है। जिस कारण गुलदार की दहशत क्षेत्र के आस-पास के गांवों में बनी है। उन्होंने वन विभाग से सक्रिय गुलदार को नरभक्षी घोषित करने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को इस आतंक से निजात मिल सके। इसके साथ ही प्रभावित परिवार को समुचित मुआवजा भी देने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी और छात्रसंघ सचिव अमन नेगी भी मौजूद रहे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन बनीं पौड़ी यूनाइटेड एफसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्यालय पौड़ी के कंडोलिया मैदान में जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव के तहत आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब पौड़ी यूनाइटेड एफ़सी की टीम में जीत लिया है। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, अति विशिष्ठ अतिथि ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच इनकम टैक्स दिल्ली और पौड़ी यूनाइटेड एफसी के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में पौड़ी यूनाइटेड ने आक्रामक खेल दिखाते हुए इनकम टैक्स दिल्ली को 3-1 से पराजित कर ट्राफी को अपने नाम किया। विजेता और विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल के फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की मौजूदगी से स्टेडियम भरा रहा। आयोजन कर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सामूहिक प्रयास से सफल हुआ है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल टीमों, निर्णायकों सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। मैच का आंखों देखा हाल इनायत हुसैन, प्रवीन नेगी, बलवंत पंवार, गजेंद्र सिंह रावत, प्रवीन ने सुनाया। इस दौरान कंडोलिया मार्ग पर यातायात को व्यवस्थित करने में पुलिस को भी भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस मौके पर जय कंडोलिया महोत्सव के मुख्य संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी ने सभी खेल प्रेमियों सहित पौड़ी की जनता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर एमडीएम अनिल गर्ब्याल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केसर सिंह नेगी, पूर्व पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह नेगी, आयोजक मंडल संरक्षक रवि रावत, विमला रावत, प्रदीप असवाल आदि मौजूर रहे।



### पुलिस एवं एसटीएफ ने फूलों की घाटी क्षेत्र में की संयुक्त गशत

चमोली : सिखों के तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब एवं विश्व धरोहर फूलों की घाटी नेशनल पार्क में यात्रा सीजन में भारी संख्या में तीर्थ यात्री और पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने फूलों की घाटी में गशत शुरू कर दी है। पुलिस, एसडीआरएफ और वन विभाग की संयुक्त टीमें फूलों की घाटी और यात्रा रूट पर तैनात है। घांघरिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अमनदीप सिंह ने बताया कि घांघरिया से हेमकुंड साहिब तक के यात्रा मार्ग में पुलिस और एसडीआरएफ के जवान जगह–जगह तैनात हैं, जो यात्रियों की हर संभव मदद कर रहे हैं। फूलों की घाटी के खुलने के साथ ही पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पुलिस की ओर से फूलों की घाटी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस की टीमें द्वारा लगातार गशत की जा रही है। रैंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि एक जून को फूलों की घाटी खुलने के बाद अभी तक 824 भारतीय व 15 विदेशी पर्यटक पहुंच चुके हैं। वन विभाग की टीम द्वारा लगातार फूलों की घाटी की गशत की जा रही है। इसी के साथ ही पर्यटकों को फूलों घाटी के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। (एजेंसी)

# मेडिकल कॉलेज के लिए पर्याप्त भूमि

चमोली : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने चमोली जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने जिलाधिकारी को मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चयन के निर्देश दिए थे। चमोली जिले के सैकोट मासों घुड़साल पिलंग के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सैकोट में मेडिकल कॉलेज के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को जमीन से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। कहना था कि गढ़वाल सांसद बलूनी द्वारा घोषित मेडिकल कॉलेज सैकोट में खोला जाय। सोमवार को जिला अधिकारी डाक्टर संदीप तिवारी से ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल मिला। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा है कि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी द्वारा चमोली जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की गई थी। इसके लिए भूमि चयन के निर्देश जिलाधिकारी को दिए गए थे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा है कि मेडिकल कॉलेज के लिए सैकोट मासों घुड़साल पिलंग क्षेत्र में पर्याप्त भूमि है। ग्रामीणों का कहना था कि सैकोट में रेल और सड़क कनेक्टिविटी का सबसे उपयुक्त स्थान है। निर्माणाधीन ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना का बड़ा जक्शन सैकोट में बनना है। मेडिकल कॉलेज के लिए सैकोट-लग्गा मासों चैनलों में 40 नाली भूमि, सैकोट आश्रम पद्धति के निकट 15 नाली भूमि, सैकोट मैठाणा बगड़ में 100 नाली समेत सावरीसैण इंटर कालेज की लगी 15 नाली भूमि घुड़साल में 20 नाली, आमखेत में 30 नाली भूमि समेत इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस मौके पर राकेश पुरोहित, उमेश थपलियाल, हरीश सेमवाल, अनुराग सेमवाल और प्रभारी मंत्री के प्रतिनिधि तारेन्द्र थपलियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दून विश्वविद्यालय में 13.92 लाख वार्षिक पैकेज पर 8 छात्रों का चयन

देहरादून। दून विवि में जानी मानी आईटी और कंसल्टिंग कंपनी ऐक्सेन्चर ने प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर 8 मेधावी छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को 13.92 लाख वार्षिक के आकर्षक फिक्स्ड पैकेज पर नियुक्ति मिली है।

यह किसी सरकारी विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस ड्राइव में चयनित छात्रों में 7 जर्मन भाषा विभाग से और 1 छात्र जापानी भाषा विभाग से है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के परिश्रम के साथ ही दून विवि की शिक्षा गुणवत्ता और उद्योग से मजबूत साझेदारी को उजागर करती है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि ऐक्सेन्चर जैसी वर्ल्ड–लीडिंग कंपनी ने उनके छात्रों को इतना बड़ा अवसर प्रदान किया। यह इस बात को साबित करता है कि सरकारी विश्वविद्यालयों के पास प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। विश्वविद्यालय में हर वर्ष कई बड़ी कंपनियां विजिट कर रही हैं, जिससे उनके छात्रों के सुनहरे भविष्य के द्वार खुल रहे हैं। ऐक्सेन्चर की भर्ती टीम ने चयन प्रक्रिया के दौरान छात्रों की भाषा विशेषज्ञता, इंटरक्लचरल कम्युनिकेशन स्किल्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्टीट्यूट को प्रमुखता से आंका। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षण स्तर और छात्रों की तैयारी की सराहना की।

### कैंची धाम के जाम से पूरा कुमाऊं परेशान: आर्य

देहरादून। कैंची धाम में लग रहे घंटों के जाम पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कैंची धाम के जाम के कारण नैनीताल समेत अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर तक स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक तक परेशान है। पर्यटन कारोबार तक को बड़ा नुकसान हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक जाम अब एक गंभीर समस्या बन चुका है। इस जाम को दूर करने को सरकार के पास कोई रोड मैप नजर नहीं आ रहा है। कहा कि नैनीताल कैंची धाम पर गाड़ियों की भीड़ के कारण लगने वाला जाम एक बड़ी समस्या बन गया है। वाहनों के इस बढ़ते जाम के कारण स्थानीय लोग और पर्यटक कैंची में जाम से जूझ रहे हैं। रानीबाग– भीमताल, भीमताल–भवाली, भवाली–कैंची,ज्योलीकोट–भवाली, नैनीताल–भवाली, अल्मोड़ा–कैंची समेत भवाली और कैंची को रामगढ़ से जोड़ने वाली सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। इससे पूरा क्षेत्र जाम में फंस कर रह गया है।

# डीएम ने जल गुणवत्ता की टेस्टिंग बढ़ाने को कहा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक ली। डीएम ने सभी डिवीजनों को हर घर जल सर्टिफिकेशन में प्रत्येक सप्ताह 10-10 लक्ष्य निर्धारित करने व जल निगम कर्णप्रयाग व जल संस्थान कर्णप्रयाग को हर घर जल में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जल गुणवत्ता की टेस्टिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने जल निगम गोपेश्वर की वन भूमि हस्तारण के कारण लंबित पेयजल योजनाओं को लेकर वन विभाग के साथ मिलकर निस्तारण की कार्यवाही करने और पी-2 स्कीम एटीआर में डेली बेसिस पर मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। जल संस्थान के अधीक्षण अभियन्ता सुशील सैनी ने बताया कि जनपद में स्वीकृत 1241 योजनाओं के सापेक्ष 1134 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। पी- 2 स्कीम में 571 स्कीम के सापेक्ष जून प्रथम सप्ताह तक 450 डीपीआर पूर्ण की जा चुकी हैं। वहीं हर घर जल में 1113 गांवों के सापेक्ष 650 गांव सर्टिफाइड हो चुके हैं।



# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग जिला अधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के कुशल मार्गदर्शन और मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व में निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। हाल ही में नियोजन विभाग, अर्थ एवं संख्या निदेशालय द्वारा जारी राज्य स्तरीय रैंकिंग में रुद्रप्रयाग को बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए प्रदेशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जनपद में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावशाली क्रियान्वयन का प्रतिफल है।




बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख जनहित योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वयं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार प्रत्येक सप्ताह इन योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हैं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देते हैं कि योजनाओं का लाभ योग्य और जरूरतमंद लोगों तक समय से पहुंचे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि यह उपलब्धि रुद्रप्रयाग के समस्त विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की साझा मेहनत का परिणाम है। कहा कि सभी ने मिलकर पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं को समय पर जनता तक पहुंचाया है। डीएम ने कहा कि प्रशासन भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा और जनपद को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं जनपद के अर्थ एवं संख्या अधिकारी संदीप भट्ट ने भी इस सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में सभी विभागों ने अनुशासन और निष्ठा के साथ बीस सूत्रीय कार्यक्रम की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया, जिसका परिणाम आज पूरे राज्य में दूसरी रैंकिंग के रूप में सामने आया है।

# आईसीएआर की वैज्ञानिक टीमों ने 19 गांवों में किसानों को दी खरीफ फसल प्रबंधन की वैज्ञानिक सलाह

देहरादून। विकसित कृषि संकल्प अभियान–2025 के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (क्ठअफ) से संबद्ध भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून की वैज्ञानिक टीमों ने अभियान के बारहवें दिन ब्लॉक विकासनगर, कालसी, सहसपुर और बहादराबाद (हरिद्वार) के 19 गांवों का दौरा किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों और अन्य हितधारकों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन, जल व नमी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा भूमि क्षरण रोकथाम संबंधी तकनीकी जानकारी और प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की।

यह अभियान क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक और स्थान–विशेष की कृषि सलाहों के वितरण पर केंद्रित रहा। वैज्ञानिकों की टीमों ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और वन्यजीवों द्वारा फसल क्षति, सिंचाई संरचनाओं की कमी, गुणवत्तायुक्त बीज व उर्वरकों की अनुपलब्धता, खरपतवार की अधिकता, कीट–रोग का प्रकोप तथा विपणन समस्याओं जैसी प्रमुख चुनौतियों को चिन्हित किया। इन समस्याओं के समाधान स्वरूप वैज्ञानिकों ने जल संचयन, जीवनरक्षक सिंचाई, नमी संरक्षण तकनीकें, मृदा परीक्षण और सुधार उपायों की जानकारी साझा की। साथ ही स्थानीय जलवायु, मिट्टी की वहन क्षमता और संसाधनों के अनुसार उपयुक्त फसलों के चयन पर विशेष बल दिया गया।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com